एमएसएमई को बढ़ावा देना प्राथमिकता : सचान

शपथ ग्रहण

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यूपी में एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देना सरकार की उच्च प्राथमिकता में है। कृषि क्षेत्र के बाद एमएसएमई सेक्टर सबसे अधिक रोजगार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों के शोषण को रोकना सरकार की प्राथमिकता है। कैबिनेट मंत्री सोमवार को आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) द्वारा विभूतिखंड, गोमतीनगर के आईआईए भवन में आयोजित एसोसिएशन के वर्ष 2024-25 के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

आईआईए के पदाधिकारियों ने सोमवार को शपथ ग्रहण की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की सभी 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत कराने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने आईआईए से यूपी के एमएसएमई डेटा में सुधार एवं उद्यम रजिस्ट्रेशन को प्रोमोट करने की अपील की। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराए जाने की मांग को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

180 पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली : उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली के 180 नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसी के साथ आईआईए के वर्ष 2024-25 के नए सत्र का प्रारंभ हो गया। आईआईए महासचिव आलोक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, आईआईए महिला चैप्टर की चेयरपर्सन आनंदी अग्रवाल, लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन विकास खन्ना, लखनऊ डिविजनल चेयरमैन राजीव बंसल, अयोध्या डिविजनल चेयरमैन प्रमीत सिंह आदि रहे।